भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1182

उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

ओडिशा में केन्द्रीय विद्यालय

1182. श्रीमती प्रमिला बिसाईः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आज की तिथि के अनुसार केन्द्रीय विद्यालयों की राज्य-वार सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा ओडिशा में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के कार्य में तेजी लाने के लिए उठाए गए/प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को जानकारी है कि ओडिशा में सुरोदा नामक स्थान पर आदिवासी और दलितों के लिए केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता है;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार के पास निकट भविष्य में नए के॰वि॰ स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) आज की तिथि के अनुसार, देश में 1224 केन्द्रीय विद्यालय (केवी) कार्यात्मक हैं। केंद्रीय विद्यालयों का राज्य / संघ राज्य क्षेत्र वार विवरण संलग्न है।

(ख) से (घ) केन्द्रीय विद्यालय (केवी) मुख्य रूप से रक्षा कर्मियों सहित भारत सरकार/राज्य सरकारों /संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के मंत्रालयों/ विभागों के स्थानांतरणीय केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्ताव प्राप्त होने पर, जिसमें एक नया केवी स्थापित करने के लिए अपेक्षित संसाधनों की उपलब्धता के साथ-साथ सरकार के अपेक्षित अनुमोदन की प्रतिबद्धता की गई हो, खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए विभिन्न प्रायोजक प्राधिकरणों से प्राप्त प्रस्तावों को "चुनौती पद्धति" के तहत अन्य प्रस्तावों से प्रतिस्पर्धा भी करनी होती है। केवी को खोलना एक सतत प्रक्रिया है।

(ङ) केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि ओडिशा राज्य सरकार द्वारा सुरोदा में एक नया केवी स्थापित किए जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****

संलग्नक

''ओडिशा में केन्द्रीय विद्यालय'' के संबंध में माननीय संसद सदस्य, श्रीमती प्रमिला बिसाई द्वारा दिनांक 25 नवंबर, 2019 को लोकसभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 1182 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक।

1224 केंद्रीय विद्यालयों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या
(20.11.2019 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	**राज्य / संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**केवी की संख्या**
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	02
2	आंध्र प्रदेश	35
3	अरुणाचल प्रदेश	17
4	असम	58
5	बिहार	48
6	चंडीगढ़	05
7	छत्तीसगढ़	35
8	दादरा और नगर हवेली	01
9	दमन और दीव	01
10	दिल्ली	46
1 1	गोवा	05
12	गुजरात	45
13	हरियाणा	34
14	हिमाचल प्रदेश	25
15	जम्मू और कश्मीर	36
16	झारखंड	39

17	कर्नाटक	51
18	केरल	38
19	लक्षद्वीप	01
20	लद्दाख	03
21	मध्य प्रदेश	110
22	महाराष्ट्र	59
23	मणिपुर	09
24	मेघालय	07
25	मिजोरम	04
26	नागालैंड	06
27	ओडिशा	62
28	पुडुचेरी	04
29	पंजाब	50
30	**राजस्थान**	**76**
31	सिक्किम	02
32	तमिलनाडु	43
33	तेलंगाना	35
34	त्रिपुरा	09
35	उत्तर प्रदेश	118
36	उत्तराखंड	44
37	पश्चिम बंगाल	61
कुल योग		**1224**

******